# कारी मिडिल स्कूल में अचानक पहुंचे मंत्री

**स्कूल का किया गया औचक निरीक्षण**

**भृत्य की ओडी तत्काल निरस्त करने के दिए आदेश**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मोदी कैबिनेट के मंत्री वीरेन्द्र कुमार इन दिनों अपनी लोकसभा सीट टीकमगढ़ में हैं। इसी दौरान वह रोजाना अचानक किसी भी दफ्तर या आंगनबाड़ी केन्द्र सहित स्कूल में पहुंचकर निरीक्षण करने का काम कर रहे हैं। इसी तारतम्य में वह गुरुवार की सुबह अचानक शहर से लगे कारी के मिडिल स्कूल जा पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही स्कूल में भृत्य की अनुपस्थिति पर जब शिक्षकों से बात की, तो शिक्षकों ने कहा कि उनकी ओडी बीआरसी दफ्तर में लगी है। इस बात पर केन्द्रीय मंत्री नाराज हो गए और उन्होंने तत्काल मौके से ही अधिकारियों को फोन कर ओडी निरस्त करने के आदेश दिए। उनके इस दौरे के बाद से लापरवाह कर्मचारियों और अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।**





जानकारी के मुताबिक केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुरवार को नगर पंचायत कारी पहुंचे। जहां उन्होंने शासकीय मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान स्कूल में पदस्थ भृत्य की अनुपस्थिति के बारे में शिक्षकों से बात की तो उन्हें बताया गया कि भृत्य की ओडी बीआरसी कार्यालय में लगा दी गई है। इस ओडी लगाए जाने को लेकर डॉ. वीरेन्द्र कुमार खटीक ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल मौके से ही डीपीसी को फोन कर भृत्य की ओडी निरस्त कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने समूचे नगर परिषद क्षेत्र कारी का भ्रमण किया है। इस दौरान उन्होंने कारी के दीप सागर तालाब पर जाकर घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने मिडिल स्कूल में अध्ययनरत बच्चों से संस्कृत एवं विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्न पूछे पैट्रोलियम एवं कोयला विषय के बारे में बच्चों से विस्तृत चर्चा की। इसके बाद उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अभियान के बारे में बच्चों से जानकारी ली। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री के अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान की जमकर सराहना की।

### केन्द्रीय मंत्री के साथ इनकी रही उपस्थिति

केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक जब कारी नगर में पहुंचे तो उनके साथ सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, अरविन्द खटीक, सुमित उपाध्याय, रामनारायण पाण्डेय, महेन्द्र बुखारिया, नाथूराम यादव, कमलेश यादव, रामसिंह यादव, विकास साहू, रामस्वरूप पटैरिया, मोनिका खरे, रवि नारायण तिवारी, जगदीश प्रसाद सोनी, अंचल खरया, देवेन्द्र पाण्डेय, सतीष तिवारी, प्रियंका लिटौरिया एवं प्रीति लिटौरिया के साथ-साथ कारी नगर परिषद के तमाम ग्रामीणों की भी मौजूदगी रही। इन सभी ने भी वीरेन्द्र कुमार के साथ एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प लिया।

### स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान

मोदी कैबिनेट के मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कारी पहुंचकर तालाब का नरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि कारी इलाके में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष अभियान स्वच्छता के तहत कार्यक्रम कर स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री के सपने के अनुरूप हमें कार्य करना है। अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने का भी काम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर ग्रामीण इलाके के लोगों में जागरुकता न होने के कारण ऐसे अभियान सफल नहीं हो पाते हैं। इसलिए हमें उम्मीद है कि कारी के लोगों को जागरुक करने का काम प्रशासनिक अधिकारी करेंगे और मोदी जी के सपने का साकार किया जा सकेगा। मेरा सिर्फ यही उद्देश्य है कि सरकार की जितनी भी योजनाएं एवं अभियान हैं उन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान से कराया अवगत

केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कारी में मिडिल स्कूल के निरीक्षण के दौरान बच्चों से रूबरू होते हुए उन्हें एक पेड़ मां के नाम अभियान से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने-अपने घर और आसपास के क्षेत्र में एक पौधा मां के नाम जरूर लगाएं। पौधा लगाते समय जिन बच्चों की मां है उन्हें साथ में लेकर आएं और उनकी तस्वीर को मोबाईल में क्लिक करके उसे सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन लोगों की मां इस दुनिया से चली गई हैं वह लोग भी इस अभियान में हिस्सा लेकर अपनी मां को याद करते हुए उनकी एक तस्वीर रखकर पौधा लगाने का काम कर सकते हैं। साथ ही दो साल तक संकल्प लेकर पौधों की सुरक्षा करें। स्कूल में छात्र-छात्राओं की संख्या अधिक होने पर केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक ने अतिरिक्त कक्ष बनाए जाने के संबंध में घोषणा करते हुए डीपीसी को फोन लगाकर निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि जितनी जल्दी हो सके इस मिडिल स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य शुरू कराया जाए।

## सिक्योरिटी भर्ती रैली का आयोजन होगा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर अवधेश शर्मा के निर्देषन में टीकमगढ़ जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ब्लॉक एवं जिला स्तर पर सिक्योरिटी गार्ड भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। एसआईएस सिक्योरिटी सिंगरौली म.प्र. द्वारा जिले में 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक विभिन्न स्थानों पर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है।**

तदनुसार जिले में एसआईएस सिक्योरिटी सिंगरौली म.प्र. द्वारा 27 22 अगस्त 2024 को कार्यालय जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में, 31 अगस्त को शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में, 2 सितम्बर को कार्यालय जनपद पंचायत टीकमगढ़ में, 3 सितम्बर को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय टीकमगढ़ में, 4 एवं 5 सितम्बर 2024 को कार्यालय जनपद पंचायत पलेरा में तथा 6 एवं 9 सितम्बर को कार्यालय जनपद पंचायत जतारा में सिक्योरिटी गार्ड भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। इच्छुक आवेदक सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर संबंधित कार्यालय में पहुंचकर भर्ती रैली में शामिल हों। इसके लिए कलेक्टर अवधेश शर्मा ने विशेष रूप से युवाओं से अपील की है।

# फसलों को अधिक वर्षा से बचाव की सलाह

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बी.एस किरार, वैज्ञानिक डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. यू.एस. धाकड़ एवं डॉ. एस.के, जाटव द्वारा दलहनी एवं तिलहनी फसलों को अधिक वर्षा की स्थिति में होने वाली हानी से बचाव के लिए समसमायिकी सलाह दी गई है।**

वैज्ञानिकों ने बताया कि वर्तमान में उड़द, मूंग, सोयाबीन, तिल एवं मूंगफली में फलियाँ बनाना एवं दाना भरना शुरू हो गया है। वर्तमान में खेत की फसल में ज्यादा पानी नहीं रुकना चाहिए इसलिए किसान भाई अपनी फसलों का नियमित अवलोकन करें और जिन खेतों में वर्षात का पानी भरता है, उनमें जल निकास के लिए नालियाँ बना दें। उड़द, मूंग एवं सोयाबीन फसल में पीला रोग ग्रसित पौधे दिखाई दें तो उन्हें तुरंत खेत से निकाल कर मिट्टी में दबा देना चाहिए। जिससे वायरस ग्रसित पौधों से रस चूसक कीट सफेद मक्खी वायरस को दूसरे स्वस्थ पौधों पर न फैला सके।

इस समय उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली फसलों में पत्ती/फली छेदक इल्लियों, सेमीलूपर इल्ली (अर्ध कुंडलक इल्ली) और चूसक कीटों जैसे माहू, जैसिड, सफेद मक्खी आने की संभावना बढ़ जाती है। वर्तमान में उड़द, सोयाबीन की फसल में सेमीलूपर कीट एवं चने की इल्ली पत्ती की निचली सतह पर अंडे देती हैं जिनसे अनगिनत संख्या में इल्ली तैयार हो जाती हैं, जो पत्ती का हरा भग खा कर सफे़द छलनी कर देती हैं।



ऐसी स्थिति में इनके नियंत्रण हेतु पूर्व मिश्रित दवाएं जैसे क्लोरएन्ट्रानिलिप्रोल 9.30 प्रतिषत .लैम्ब्डा साइहलोथ्रिन 9.50 प्रतिषत जेड.सी. या थियामेथोक्सम 12.60 प्रतिषत. लैम्ब्डा साइहलोथ्रिन 9.50 प्रतिषत जेड.सी. 60 मिली या बीटा-साइफ्लुथ्रिन इमिडाक्लोप्रिड 150 मिली की दर से 200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

## कलेक्टर ने किया गांव का औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कलेक्टर अरूण कुमार विष्वकर्मा ने आज संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर राजस्व अभियान 2.0 में प्रगति की समीक्षा की।**

इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बासवान, जुगयाई, नीमखेरा, मजरा मकारा, राजापुर तथा कुलुआ सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में समग्र ई-केवाईसी कार्य का जायजा लिया एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि इस दौरान राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरुस्ती आदि का निराकरण किया जाये।

# तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर पर हुई एफआईआर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। तहसीलदार के फर्जी डिजीटल हस्ताक्षर करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है। आरोपी ने तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर कर जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया था।**

जानकारी के मुताबिक लिधौरा तहसीलदार अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जेवर का यह मामला बताया जा रहा है। इसमें लिधौरा तहसीलदार के फर्जी डिजीटल हस्ताक्षर के जरिए गांव के ही एक व्यक्ति ने जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। जन्म प्रमाण पत्र सत्यापान के लिए जैसे ही तहसील कार्यालय लिधौरा पहुंचा तो उक्त घटनाक्रम का खुलासा हो गया।

लिधौरा तहसील में पदस्थ तहसीलदार अजय कुमार झां ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने एवं बनवाने वाले दोनों लोगों के विरुद्ध चंदेरा थाने में आवेदन दर्ज किया था, जिस पर जांच करते हुए चंदेरा थाना पुलिस ने जन्म प्रमाण-पत्र बनाने वाले मानवेन्द्र कुशवाहा एवं वनवाने वाले सुरेन्द्र बाबू अहिरवार के विरुद्ध धारा 318(4), 336(2), 336(3), 338, 339, 340(2), 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

शिकायतकर्ता तहसीलदार अजय कुमार झां ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि मानवेन्द्र कुशवाहा ग्राम जेवर द्वारा न्यायालय तहसीलदार लिधौरा के न्यायालय में आदेश दिनांक 6 अगस्त 2024 एवं उसी दिन 6 अगस्त को जन्म पंजीयन आदेश पेश किया गया था, जिसमें क्रमशः जिवाश गौतम पिता सुरेन्द्र अहिरवार का जन्म दिनांक 17 दिसम्बर 2023 एवं, जियांसी गौतम पुत्री सुरेन्द्र बाबू अहिरवार का जन्म 17 दिसम्बर 2023 का जारी किया था। दोनों के जन्म की समयावधि को एक वर्ष पूर्व नहीं हुआ था और ऐसे में समयावधि कम होने के कारण जन्म प्रमाण-पत्र तहसील न्यायालय द्वारा जारी नहीं किए जाते हैं। इसी संदेह के आधार पर पर्दाफाश हुआ।

# टीकमगढ़ में हुई 740 मिमी . वर्षा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। टीकमगढ़ जिले में एक जून से 22 अगस्त 2024 तक 740 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक जून से 22 अगस्त 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र टीकमगढ़ द्वारा 876 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 847, बल्देवगढ़ में 706, खरगापुर में 790, जतारा में 506, मोहनगढ़ में 834, लिधौरा में 611 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 750 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।**

जिले में बीते 24 घंटे में 22 अगस्त तक 26.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान टीकमगढ़ में 63 मिलीमीटर, बड़ागांव धसान में 11, बल्देवगढ़ में 26, खरगापुर में 23, जतारा में 32, मोहनगढ़ में 50, लिधौरा में 6 और वर्षामापी केन्द्र पलेरा में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## छात्र-छात्राओं को लगाया जा रहा टीका

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर निवाड़ी अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देश में शासकीय शालाओं में कक्षा 5 एवं कक्षा 11 के छात्र/छात्राओं को डीपीटी/टी.डी. का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।**

अभियान अंतर्गत चिन्हित शासकीय शालाओं में कक्षा-5 (10 वर्ष) एवं कक्षा-11 (16 वर्ष) के छात्र/छात्राओं को टी.डी. का टीका लगाया जा रहा है। इस टीके को लेकर स्वास्थ अमला स्वयं जिम्मेदारी निभा रहा है।

# आजीविका मिशन की दीदीयों को लखपति बनाना है : वीरेन्द्र

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता डॉ. वीरेन्द्र कुमार के अध्यक्षता तथा कलेक्टर अवधेश शर्मा की उपस्थिति में आज आजीविका भवन में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत शहद उत्पादन हेतु मधु मक्खी पालन कर समूहों के सदस्यों की आजीविका में संबहनीय बृद्धि करने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि आजीविका मिशन की दीदियों को लखपति बनाना हैं। देश की आर्थिक विकास में अहम भूमिका प्रभावी हैं।



कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा समूह की आजीविका बृद्धि के लिए विशेष प्रयास एवं पौधारोपण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत बल दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे पौधों का पौधरोपण किया जाये जिससे मधु मख्खी पालन बारह माह शहद उत्पादन में बृद्धि हो। कार्यशाला में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (भारत सरकार) भोपाल के ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत हनी मिशन, कुम्भार ससक्तिकरण आदि योजनाओं के बारे में जागरूकता विषय पर संबाद किया गया।

इस अवसर पर खादी एवं ग्रामोधोग से राजीव खन्ना, सहायक निर्देशक सुंदर पाल ने कार्यकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही कृषि विज्ञान से आये वैज्ञानिको ने भी शहद उत्पादन पर जानकारी दी। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम देवेंद्र श्रीवास्तव, मनु मिश्रा एवं इंडीएफडीसी टीकम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 100 से ज्यादा समूह सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

**सफलता** | सरकार की योजना का महिला ने उठाया फायदा

# स्व-सहायता समूह ने बदली परिवार की जिन्दगी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं से जुड़कर एवं लाभ पाकर महिलाएं सशक्त होकर सफ्लता की नई इबारत लिख रही है। इन्हीं महिलाओं में एक टीकमगढ़ जिले के विकासखण्ड जतारा के ग्राम रामगढ़ की श्रीमती अनीता बशंकार हैं।**

श्रीमती अनीता बशंकार ने बताया कि समूह से जुड़ने पूर्व वे गांव की हरिजन बस्ती में कच्चे मकान में अपने परिवार के साथ जीवनयापन करती थीं। परिवार का भरण-पोषण करने में परेशानी होती थी, आय का साधन केवल मजदूरी होने के कारण परिवार का दैनिक खर्च पूर्ण नहीं हो पाता था। गांव में रोजगार की कोई संभावना नजर न आने पर श्रीमती अनीता बशंकार अपने पति व बच्चों सहित दिल्ली मजदूरी करने चलीं गईं। मेहनत करके जैसे-तैसे जीवन गुजारा कर रही श्रीमती अनीता त्यौहारों पर अपने गांव परिवार सहित वापिस आ जाती थीं। गांव में वापिस आने पर श्रीमती अनीता को ग्राम में आजीविका मिशन के तहत स्व-सहायता समूह के गठन की जानकारी मिलने पर उन्होंने स्व-सहायता समूह में जुडने की ठानी। श्रीमती अनीता ने बताया कि ग्राम में स्व-सहायता समूह का गठन किया गया जिसका नाम लक्ष्मी स्व-सहायता समूह रखा ओर इसमें मेरे टोले एवं समाज के लोग जुड़े। समूह बनने के उपरान्तन समूह की बैठक का संचालन होने लगा सभी समूह सदस्यों ने अपनी-अपनी समस्यों के बारे में समूह की बैठकों में बताया। समूह जैसे ही अपने तीन माह पूरे किये समूह को आरएफ की 12000 की राशि आई, जिससे प्रति सदस्यस 1000-1000 रूपये आवश्य कार्य हेतु दिये गये।



इसके पश्चात सीआईएफ की राशि एक लाख रूपये समूह के खाते में प्राप्त हुई, जिसमें सभी ने आवश्यकता अनुसार लोन की रूप में राशि ली। श्रीमती अनीता ने बताया कि समूह से मेरा द्वारा एक लाख रूपये का लोन लिया गया, जिससे मेरे द्वारा चप्पल निर्माण की मशीन खरीकर चप्पल निर्माण का कार्य शुरू किया गया। सीआईएफ मिलने के उपरान्त समूह का सीसीएल किया गया, जिसमें 50 हजार रूपये लोन लेकरे अपनी चप्पल की दुकान खोली, जिससे मुझे लगातार आमदनी होने लगी। मैं अपनी दुकान से लगभग 15000 रूपये मासिक कमाने लगी। श्रीमति अनीता बशंकार ने मेहनती सक्रिय सदस्य के रूप में अपनी पहचान बनाई। वह समूह सचिव ग्राम संगठन सदस्य के पद रहीं और समूह के प्रशिक्षण के अलवा उन्होंने मुर्गी फार्म का काम भी प्रारंभ किया।

### अनीता को 15 हजार तक की हो रही आमदनी

अनीता अपनी दुकान एवं मुर्गी फार्म से आमदनी 15000 तक हो रही है, जिससे उनके परिवार में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है, उनका कच्चा मकान अब पक्का हो गया। साथ ही उनके बच्चे अब प्राईवेट स्कूल में शिक्षा ले रहे हैं। श्रीमति अनीता बशंकार स्व सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए रंजना विश्वकर्मा ने पीएम नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को धन्यवाद दिया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ ( म .प्र . )

क्रमांक/2041/न.पा./पी.एच.ई/2024 टीकमगढ़ दिनांक 21/08/2024

**ई-निविदा आमंत्रण**

समस्त पंजीकृत फर्म/अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु नीचे तालिका में वर्णित सामग्रियों की ई-टेण्डर के माध्यम से दर आमंत्रण की जा रही है। इच्छुक सप्लायर वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (प्रथक-प्रथक) दिनांक 22/08/2024 को सायं 5 :30 बजे से दिनांक 23/09/2024 को सायं 5 :30 बजे तक प्राप्त कर सकेंगे। विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_364932_1 | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लीकेज सुधार सामग्री प्रदाय की दर प्रस्तुत करने हेतु | 20.00 | 2000/- 15000.00 | 23/09/2024 सायं 5 :30 बजे तक |
| 2 | 2024_UAD_364934_1 | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए हैण्पम्प सामग्री प्रदाय की दर प्रस्तुत करने हेतु | 15.00 | 2000/- 11250.00 | |
| 3 | 2024_UAD_364935_1 | वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विद्युत सामग्री प्रदाय की दर प्रस्तुत करने हेतु | 25.00 | 5000/- 18750.00 | |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की बेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ़
जिला-टीकमगढ़ (म.प्र.)